डाबुगां में सड़क सुरक्षा सप्ताह संपन्न

डाबुगां 10 फरवरी (सन्यूस) डाबुगां ब्लाक मुख्यालय में गत दिवस राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया।

सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर डाबुगां पुलिस विभाग की ओर से लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता लाने एक बाईक रैली निकाल शहर परिक्रमा किया। इसके अलावा डोंगरीगुड़ा स्थित ओड़िशा आदर्श विधालय एवं कल्याण विभाग की ओर से संचालित शासकीय बालिका उच्च विधालय में जनचेतना सभा आयोजित कर विधार्थियों को सड़क सुरक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारियां देते हुये दुपहिया वाहन चलाते समय हमेशा रेलमेट का उपयोग करने, वाहन चलाते समय तथा उपयोग नहीं करने तथा यातायात नियमों का पालन करने समझाईश दी गई। बताया गया है कि डाबुगां पुलिस की ओर से निकाली गई जागरुकता रैली में डाबुगां थाने के सहायक निरीक्षक रंकनिधि साहू, फकीर मोहन खोरा, राधाकांत बारिक, सहायक उपनिरीक्षक गणेश पटनायक एवं अन्य आरक्षक गण शामिल थे।

डाबुगां स्थित भैरव उपाधि महाविधालय के विधार्थियों ने भी इस दौरान ऐक रैली निकाल सड़क सुरक्षा के संबंध लोगों को जागरुक किया।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना हेतु हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित

भोपाल 10 फरवरी (ए)। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना हेतु अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों से आगामी 20 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये हैं। कार्यालय की वेबसाइट 222.ह्यष्2द्दद्यद्बद्धह्वद्द.द्बश्चशठ्ठ-द्यद्बठ्ठद्द.द्दश्1.द्बठ्ठ है। आवेदक अनुसूचित जाति का होना चाहिए। आवेदक की उम्र 18 से 40 वर्ष होना चाहिए। आवेदक न्यूनतम 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। आवेदक के पास जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, समग्र आईडी, शैक्षणिक योग्यता की मार्कशीट, मतदाता परिचय पत्र होना चाहिए। इस योजना के तहत 10 लाख से 2 करोड़ रूपये तक का ऋण दिया जाना है। स्वीकृत ऋण का 15 प्रतिशत सब्सिडी अधिकतम 12 लाख रूपये है। ब्याज में 5 प्रतिशत अनुदान हैं।

उचित मूल्य दुकानों का हर सप्ताह होगा निरीक्षण

भोपाल 10 फरवरी (ए)। राज्य शासन ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली में कसावट लाने के लिये उचित मूल्य दुकानों के निरंतर निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण के निर्देश जारी किये हैं। कलेक्टरों को जिले की समस्त उचित मूल्य दुकानों की निरीक्षण और वितरण प्रणाली की साप्ताहिक समीक्षा के लिये कहा गया है। निर्देशों के अंतर्गत कलेक्टर द्वारा निरीक्षण रोस्टर तैयार कर सक्षम अधिकारियों को दायित्व सौंपा जायेगा।

जिला कलेक्टरों से कहा गया है उचित मूल्य की दुकानों के निरीक्षण का रोस्टर इस प्रकार तैयार किया जाये कि सक्षम अधिकारी सप्ताह में एक बार उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण अवश्य करें। निरीक्षण प्रतिवेदन की कलेक्टर द्वारा प्रति सप्ताह समीक्षा की जाये। दुकानों में पाई गई सामान्य त्रुटि की दशा में सुझाव रजिस्टर में निर्देशात्मक टीप दर्ज की जाये। गंभीर अनियमितता पाये जाने पर निरीक्षण अधिकारी द्वारा प्रकरण तैयार कर आवंटन अधिकारी को प्रस्तुत किया जाये। निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि गंभीर अनियमितता के मामलों में आवंटन अधिकारी द्वारा त्वरित कार्यवाही की जाये।

रबी उपार्जन हेतु 23 फरवरी तक करा सकते हैं पंजीयन

भोपाल 10 फरवरी (ए)। समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन वर्ष 2019-20 हेतु कृषक अपना पंजीयन 23 फरवरी तक करा सकते है। राज्य सरकार द्वारा गेहूं के लिए समर्थन मूल्य 1840 रूपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। रबी उपार्जन हेतु कृषक समर्थन मूल्य पर विक्रय हेतु नजदीक के पंजीयन केन्द्र पर प्रातः 11 बजे से सायं पांच बजे तक पहुंचकर पंजीयन करा सकते है। जिले के सभी कृषक बंधुओं से आग्रह किया गया है कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु अपना पंजीयन जरूर कराएं ताकि फसल का उचित दाम पा सकें। समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए कृषकों को पंजीयन कराने हेतु पाँच दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे उनमें समग्र सदस्य आईडी, आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका, बैंक खाता पासबुक, मोबाइल नम्बर इत्यादि शामिल है।

गलत विद्युत देयकों के निराकरण के लिये वितरण केन्द्र स्तर पर समिति बनेगी

भोपाल 10 फरवरी (ए)। राज्य शासन के वचन-पत्र के परिपालन में प्रत्येक जिले में विद्युत वितरण कम्पनी के वितरण केन्द्र स्तर पर गलत विद्युत देयकों के निराकरण के लिये समिति का गठन किया जा रहा है। समिति में विद्युत वितरण कम्पनी के प्रबंधक संयोजक सदस्य होंगे। समिति में प्रभारी मंत्री द्वारा 6 अशासकीय सदस्य नामांकित किये जायेंगे। समिति में एक-एक जनपद पंचायत के सदस्य, नगरीय क्षेत्र में पार्षद, कृषि/व्यावसायिक उपभोक्ता, घरेलू उपभोक्ता और दो महिला सदस्य होंगी। समिति की बैठक प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को दोपहर 12 बजे वितरण केन्द्र/जोन पर होगी। इस दिन अवकाश होने पर अगले कार्य-दिवस में बैठक होगी। बैठक का कोरम कम से कम 3 सदस्य का होगा। गलत विद्युत देयकों के निराकरण संबंधी आवेदन मिलने पर विद्युत वितरण कम्पनी के प्रबंधक के माध्यम से समिति के समक्ष रखा जायेगा। समिति की अनुशंसा के 3 दिन के भीतर सदस्य संयोजक द्वारा वितरण कम्पनी के उप महाप्रबंधक/कार्यपालन यंत्री को भेज दिया जायेगा। आवश्यकता अनुसार बिल सुधार की कार्यवाही 7 दिन में कर समिति को सूचना दी जायेगी।

मंत्री और विधायकों से तय समय पर 2 दिन मिलेंगे मुख्यमंत्री

भोपाल 10 फरवरी (ए) मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने एक रूल बुक तैयार की है। इसमें उन्होंने मंत्री और विधायकों के लिए सप्ताह में 2 दिन मिलने के लिए तय किए हैं। वहीं अफसरों के लिए दोपहर 3 से 5 बजे तक का समय निर्धारित किया है।

मुख्यमंत्री कमलनाथ से मिलने के लिए लगातार भीड़ बढ़ रही है। विधायक और मंत्री भी समय.समय पर मिलने के लिए मुख्यमंत्री सचिवालय में आते हैं। जिसके कारण अफरा तफरी का माहौल बना रहता है। मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सोमवार और गुरुवार को मंत्रियों से मिलने का समय तय किया है। वहीं विधायक मंगलवार और शुक्रवार को तय समय पर मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी समस्याओं का निराकरण और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे

मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अधिकारियों के लिए प्रत्येक कार्य दिवस में दोपहर 3 बजे से लेकर 5 बजे तक का समय निर्धारित किया है। इसमें अधिकारी अपने कार्यालय इन कार्य से संबंधित फाइलों का निपटारा कर सकेंगे

12 से 13 घंटे सचिवालय में काम करते हैं मुख्यमंत्री

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री सचिवालय में नियमित रूप से 12 से 13 घंटे बैठकर कामकाज को निपटा रहे हैं। सुबह 9रू00 बजे और 10रू00 बजे के बीच वह कार्यालय पहुंच जाते हैं और रात को 10रू00 बजे कार्यालय से अपने निवास स्थान की ओर निकलते हैं। कमलनाथ की कार्यप्रणाली और कार्य करने के तरीके से मंत्री विधायक एवं अधिकारी आश्चर्य की दृष्टि से देख रहे हैं। मुख्यमंत्री कमलनाथ लगातार 12 से 13 घंटे सरकारी कामकाज के लिए समय देते हैं। उनकी कार्यक्षमता को देखते हुए उनके मंत्री और विधायक भी अब उन्हीं की तरह सक्रिय हो रहे हैं।

16 फरवरी को मंत्रिमंडल की बैठक जबलपुर में

मुख्यमंत्री कमलनाथ 16 फरवरी को जबलपुर के शक्ति भवन में मंत्रिमंडल की बैठक ले रहे हैं। इस बैठक में महाकौशल से संबंधित प्रस्ताव पर निर्णय लिए जाएंगे। छिंदवाड़ा मॉडल की तर्ज पर महाकौशल क्षेत्र के विकास के लिए एक रोडमैप बनाए जाने की चर्चा भी सामने आई है। उल्लेखनीय है कि राज्यसभा के सदस्य विवेक तंखा ने जबलपुर में मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित करने की मांग की थीए जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार करते हुए महाकौशल के विकास का रोड मैप और विभिन्न जिलों के विकास के लिए प्रस्ताव तैयार करने की बात कही है।

कृष्णा गौर ने की नर्मदा जल प्रदाय नीति सुधारने की मांग

भोपाल 10 फरवरी (ए) गोविन्दपुरा विधानसभा की क्षेत्रीय विधायक श्रीमती कृष्णा गौर ने मंत्रालय स्थित कक्ष मे माण् जयवर्धन सिंह ;मंत्री नगरीय प्रशासन एवं आवास विभागद्ध कि अध्यक्षता मे उच्चस्तिरिय बैठक आयोजित कि जिसमे श्रीमती गौर ने उनसे मांग कि गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कालोनियो एवं बस्तियो मे भोपाल नगर निगम द्वारा नर्मदा जल प्रदाय कि जो नीती बनाई गई है वह न्यायपूर्ण नही है। सभी कोलोनियो एवं बस्तियो को व्यक्तिगत नल कनेक्शन देने एवं विभिन्न नालो के चेनाइलज कार्य को अमृत योजना मे शामिल करने कि मांग की जिसमे बारिश के समय विभिन्न नालो का पानी भरने से सैकडो कालोनियो मे जल भराव कि स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जल भराव के कारण कई बार जन हानि भी होती है। श्रीमती गौर ने विधानसभा के विभिन्न मास्टर प्लान कि सडके जिसमे विवेकानंद से संगम कालोनी प्रगति नगर फेस 01 से शिवनगर तक निर्माणए व जेण्के रोड का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु मांग कि जिसमे माण् मंत्री जी द्वारा आवश्वासन दिया गया कि उक्त कार्य को शीघ्र कराया जावेगा एवं गोविंदपुरा विधानसभा के विभिन्न कालोनीयो मे नर्मदा जल प्रदाय करने का अधिकारियो को निर्देशित किया। उक्त बैठक में नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव प्रमोद अग्रवालए संयुक्त संचालक मंयक वर्माए भोपाल नगर निगम आयुक्त अग्रवालए अपर आयुक्त रणवीर सिंह श्री पवार अधिक्षण यंत्री पीके जैन राजधानीय परियोजना प्रशासन के अधिक्षण यत्री जवाहर सिंह आदि अधिकारी उपस्थित थें।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 16 वां वार्षिकोत्सव मना

डाबुगां 10 फरवरी (सन्यूस) डाबुगां ब्लाक मुख्यालय समीपस्थ डोंगरीगुड़ा पंचायत स्थित सरस्वती शिशु विधा मंदिर में गत दिवस 16 वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर सरस्वती शिशु विधामंदिर संचालन कमेटी के अध्यक्ष अजय वल्लभ पंडा की अध्यक्षता में आयोजित उक्त कार्यक्रम में डाबुगां के ब्लाक शिक्षाधिकारी प्रशांत कुमार होता मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक डाबुगां शाखा के शाखा प्रबंधक सुशील कुमार बिशी विशेष अतिथि, शिक्षा विद तथा सरस्वती शिशु विधा मंदिर के पूर्व अध्यक्ष नित्यानंद महांती मुख्य वक्ता तथा सचिव हरेकृष्ण बाड़त्या एवं प्राधानाचार्य सत्य नारायण चौधरी सम्मानित अतिथि के रुप में उपस्थित थे। प्रारंभ मे अतिथियों ने भारतमाता के तैलचित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राधानाचार्य श्री चौधरी के व्दारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने शिशु विधामंदिर में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के बारे में अतिथियों को अवगत कराया। अतिथियों ने अपने संबोधन में शिशु मंदिर के शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्तायुक्त करने के साथ ही विधार्थियों के अध्ययन के प्रति विशेष ध्यान देने की बात कही।

वार्षिक उत्सव के अवसर पर सरस्वती शिशु विधामंदिर के विधार्थियों के मध्य विभिन्न क्रीड़ा प्रतिस्पर्धा आयोजित किये गये एवं विजेता प्रतिभागियों को इस दौरान अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया। इसी तरह गत वार्षिक परीक्षा में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले विधार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।

समारोह के अंतिम चरण में विधार्थियों के व्दारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में सरस्वती शिशु विधा मंदिर के सभी आचार्यगण के साथ साथ स्थानीय कई वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

मोदी राज में नौजवान सीना तानकर बोलते है हम भारतवासी है -शिवराजसिंह

भोपाल10 फरवरी (ए) सरदार वल्लभभाई पटेल कहा करते थे कि काम करने में तो मजा ही तब आता हैए जब उसमें मुसीबत होती है। मुसीबत में काम करना बहादुरों का काम है। उनके जन्मस्थान पर आकर मुझे नव उत्साह की अनुभूति हुई है। मुश्किलों से लड़ने के लिए एक नई ऊर्जाए नया जोश और साहस मिला है। यही इस धरा की ताकत है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने शनिवार को आणंदए खेड़ा और बड़ोदरा तीन संसदीय क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की सभा को आनंद के भारेल तथा बड़ोदरा के मकरपुरा में महिला उद्यमियों और इन्डस्ट्री वर्कर्स की सभा को संबोधित करते हुए कही।

शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि ये चुनाव भारत को आगे बढ़ाने और देश को बचाने का चुनाव है। गुजरात की सभी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी को जिताने और जनता की हरसंभव सेवा करने का संकल्प मेरे साथ लीजिये। एक ऐसे गौरवशाली और समृद्ध भारत का निर्माण प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहा है जिसके नौजवान विदेशों में सीना तानकर बोलते हैं कि हम ष्भारतवासीष् हैं। महागठबंधन के सारे नेता खुद ही भ्रष्टाचार के दलदल में फँसे हुए हैं। इसलिए सभी ने मिलकर तय किया कि मोदी जी से अगर बचना है तो सब एकजुट हो जाओ लेकिन देश की जनता अब इस छल का शिकार नहीं होगी। आखिर मोदी जी से विपक्ष को तकलीफ क्या है घ् तकलीफ केवल एक है कि उनके घोटालों का एक के बाद एक कच्चा.चिट्ठा खुल रहा है। ममता जी जैसे लोग जो भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगे हैंए वो खुद भ्रष्टाचार में गले.गले तक डूबे हैं।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में चुनाव के समय किसानों से वादा किया गया कि दस दिन के अंदर सबका कर्ज़ माफ किया जाएगा। लेकिन कोंग्रेसी नेता सरकार बनते ही एक के बाद एक सभी वादों से मुकरने लगे।

मोबाइल मिला तो ड्राइवर पर एक हजार जुर्माना दो बार जुर्माना, तीसरी बार में जाएगी नौकरी

भोपाल 10 फरवरी (ए) भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड (बीसीएलएल) डायरेक्टर केवल मिश्रा ने कहा कि यदि अब किसी ड्राइवर के पास से मोबाइल बरामद हुआ तो उस पर 1000 रुपए की पेनाल्टी लगाई जाएगी। दूसरी बार भी इतनी ही पेनाल्टी होगी। तीसरी बार मोबाइल मिलने पर नौकरी से हटा दिया जाएगा। साथ ही नियमों को तोड़े जाने पर संबंधित ऑपरेटर के खिलाफ25 हजार रुपए की पेनाल्टी लगाई जाएगी। लो फ्लोर बसों से लगातार हुई दो घटनाओं के बाद भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड (बीसीएलएल) ने दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सख्ती शुरू कर दी है। बीते दिनों आईएसबीटी स्थित बीसीएलएल दफ्तर में ड्राइवरों.कंडक्टरों को बुलाया गया। बैठक में ड्राइवरों.कंडक्टरों से बातचीत कर उनकी समस्या पूछी गई। ड्राइवरों.कंडक्टरों ने बताया कि लो फ्लोर बसों के विभिन्न रूटों पर अवैध रूप से मिनी बसए मैजिक और आपे दौड़ते हैं। बस स्टॉप पर लो फ्लोर बसों के आगे इन वाहनों को खड़ा कर देते हैं। यात्रियों को लो फ्लोर बसों में चढ़ने से रोकते हैं। उनसे आगे निकलने के दौरान विवाद की स्थिति बनती है। अवैध परिवहन पर रोक लगाई जाए। ड्राइवरों.कंडक्टरों ने यह भी बताया कि जीपीएस द्वारा कंट्रोल रूम से निगरानी की जाती है। जब भी यहां से आदेश मिलता हैए उसका पालन किया जाता है। लेकिन कई बार उन्हें अलर्ट नहीं भेजा जाता। कोलार में साथ.साथ तेज रफ्तार में दौड़ रही लो फ्लोर बसों के ड्राइवरों को कंट्रोल रूम से कोई मैसेज नहीं भेजा गया।

घड़ियालों का कुनबा बढ़ने के बजाय घटा

भोपाल 10 फरवरी (ए) करीब 30 साल पहले राजधानी के वन विहार नेशनल पार्क लाए गए अति लुप्तप्राय प्रजाति के 10 घडियालों का कुनबा बढने के बजाय घट गया है। इन दस घडियालों में से सिर्फएक ही बचा है। पिछले दिनों में कलियासोत डैम से रेस्क्यू कर वन विहार भेजे गए 2 घड़ियालों ने उम्मीद की किरण जगा दी है। लेकिन कुनबा फिर भी नहीं बढ़ेगाए क्योंकि तीनों फीमेल हैं। अब मेल की जरूरत पड़ेगी। ये मेल घड़ियाल चंबल के देवरी सेंटर से ही मिल सकते हैं। लेकिन देवरी प्रबंधन वन विहार को घड़ियाल देगाए यह असंभव जैसा हैए क्योंकि 32 साल पहले 1986 में देवरी से ही 10 घड़ियाल लाए गए थे। जिन्हें वन विहार में पूर्व के अफसर नहीं सहेज सके। कलियासोत डैम में घड़ियालों का मिलना वन्यप्राणी विशेषज्ञों को रास नहीं आ रहा है। यह इसलिए भी क्योंकि यह एशिया महाद्वीप के देश भारत व नेपाल में ही मिलते हैं। भारत में भी यह गंगा बेसिन व मप्र की चंबलए केन सोन नदी में मिलते हैं। ऐसे में कलियासोत में इनका मिलना विशेषज्ञों के लिए रिसर्च की जरूरत महसूस करा रहा है।

स्थानीय वन्यप्राणी विशेषज्ञ डॉण् सुदेश बाघमारे कहते हैं कि 2006 में भयंकर बाढ़ आई थी। तब संभवतः घड़ियाल पानी के तेज बहाव के साथ वन विहार क्षेत्र से बाहर निकले थे। ये ही घड़ियाल कलियासोत में थे। इनके बड़े तालाब से कोलांस नदी के जरिए कलियासोत होकर आगे जाने की भी संभावना जताई जा रही है। वन विहार नेशनल पार्क में घड़ियालों की आबादी कम होने व कलियासोत डैम जैसे अप्राकृतिक रहवास स्थल में मिलने का मामला अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ ;आईयूसीएनद्ध और कनवेंशन ऑन इंटरनेशनल ट्रेड इन इनडेंजर्ड स्पेशीज ;सीआईटीईएसद्ध तक जाना तय है। दोनों ही संस्थाओं ने घड़ियालों को अति लुप्तप्राय श्रेणी में रखा है। ये संस्थाएं संबंधित देशों के सहयोग से इन घड़ियालों को बचाने का काम करती हैं। इन संस्थाओं के मप्र में छह से अधिक सदस्य हैं। इस बारे में अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ के सदस्य डॉण् सीताराम टैगोर का कहना है कि कलियासोत डैम घड़ियालों का प्राकृतिक रहवास नहीं है। फिर भी वहां मिला हैए इसका मतलब बड़े तालाब और बेतवा नदी में भी इनकी आबादी हो सकती है। क्योंकि कोलांस नदी बेतवा की सहायक नदी हैए जो बड़े तालाबए कलियासोत डैम से होकर गुजरती है। सर्वे कर इनकी गणना होनी चाहिए।

जेपी अस्पताल के डॉक्टर को 4 साल की सजा

भोपाल 10 फरवरी (ए) मेडिकल सर्टिफिकेट का प्रमाण पत्र बनाने की एवज में दो हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त पुलिस द्वारा जेपी अस्पताल के डॉक्टर जगदीश सूर्यवंशी को रंगे हाथों पकड़ा गया था। विशेष न्यायाधीश लोकायुक्त संगठन संजीव पांडे की अदालत में मामला सिद्ध हो जाने के बाद न्यायालय ने डॉक्टर को 4 साल की कैद और 10000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। न्यायालय ने इस मामले के आरोपी गार्ड संतोष निरापुरे को 3 साल कैद और 5 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। उल्लेखनीय हैए कि गार्ड के माध्यम से यह डॉक्टर प्रमाण पत्र बनाने के लिए रिश्वत लेता था।

सनसनीखेज हत्याकाण्ड के फरार आरोपीगण पुलिस की गिरफ्त में

भोपाल10 फरवरी (ए) ऐशबाग इलाके मे 6 फरवरी को दोपहर करीब देढ बजे पुल बोगदा मोरारजी नगर के पास स्थित देशी कलारी के पास एक वेल्डिंग की दुकान के सामने एक आरोपी द्वारा पेशाब करने पर दुकान के मैकेनिक वारिस अली के द्वारा मना किये जाने की बात को लेकर हुये विवाद के दौरान छह आरोपियो द्वारा उसके साथ मारपीट करते हुए छुरी मारने कि कोशिश की थीए जिसमे किसी तरह वारिस अली द्वारा भाग कर अपनी जान बचाने की कोशिश के दौरान बदमाशो द्वारा उसका पीछा करने के दौरान रास्ते से गुजर रहे अब्दुल तहजीब एवं इसके भतीजे उनेज खान के साथ भी गाली गलौज कर मारपीट की। इस दौरान एक आरोपी द्वारा उनेज खान को गर्दन पर छुरे से गहरा वार किया जिसके कारण इलाज के दौरान हमीदीया चिकित्सालय मे उसकी मौत हो गयी थी। प्रकरण मे वारिस अली को पीठ पर छुरे से किये गये वार के कारण गहरा घाव आया था एवं अब्दुल तहजीब को दाये हाथ की अंगुलियो मे भी गहरी चोट आयी है। अब्दुल तहजीब पिता अब्दुल हकीम खान उम्र 52 साल निण् मोरारजी नगर पुल बोगदा रायसेन रोड ऐशबाग की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था प्रकरण मे बाद मे उनेज खान की मृत्यु होने पर मामले मे हत्या की धारा बढाई गई थी। मामले मे जांच के दोरान सभी 6 अज्ञात आरोपियो की पहचान जुटाकर पुलिस ने घेराबंदी कर पांच आरोपियो को गिरतार कर लिया। जिनमें तीन आरोपी नाबालिग है। अन्य दो आरोपी के नाम अकरम पुत्र शाकिर खान उम्र 27 साल निण् जवाहर कालोनी ऐशबाग एवं दीपक राठौर पुत्र जगदीश राठौर उम्र 23 साल नि हाऊसिंग बोर्ड कालोनी दुर्गा मंदिर के पास ऐशबाग भोपाल को गिरतार किया गया है।

परीक्षा की पूरी तैयारी नहीं है, अब डर सता रहा है



भोपाल 10 फरवरी सर परीक्षा की तैयारी पूरी नहीं हो पाई और परीक्षा सिर पर आ गई है। ऐसे में फैल होने का भय सता रहा है। परीक्षा के डर से न तो नींद आ रही है और न ही भूख लग रही है। इतने कम समय में परीक्षा की तैयारी कर पाना संभव नहीं है। इस समस्या से निकलने का कोई उपाय बता दीजिए। ऐसे ही सवाल आजकल माध्यमिक शिक्षा मंडल माशिमं की हेल्पलाइन नंबरों पर विद्यार्थी पूछ रहे हैं। 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में अब सिर्फ 18 दिन शेष हैं। ऐसे में विद्यार्थियों के परीक्षा के डर और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के फोन हेल्पलाइन में बढ़ गए हैं। इसमें बोर्ड परीक्षार्थियों के साथ अभिभावकों के कॉल शामिल हैं। एक जनवरी से शुरू हुए हेल्पलाइन नंबर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से अब तक 10 हजार फोन आ चुके हैं। इनमें अधिकतर प्रश्न अंकों के विभाजनए अधिक अंक लाने के लिए तैयारी के बारे में पूछे जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के फोन अधिक आ रहे हैं। काउंसलर्स विद्यार्थियों को समझा रहे हैं कि बोर्ड परीक्षा में अभी 18 दिन बचे हैंए ऐसे में टाइम टेबल बनाकर विषयवार रिवीजन करें। इससे बेहतर अंक लाए जा सकते हैं। हेल्पलाइन में फिलहाल 18 काउंसलर्स छात्र.छात्राओं की मदद कर रहे हैं।

काउंसलर्स अविभावकों को समझा रहे हैं कि परीक्षा के समय बच्चों का ध्यान ज्यादा रखें। खासतौर पर खान.पान के संबंध में अलर्ट रहें। ज्यादा मसालेदार और ऑयली फूड न देंए बल्कि जूसए फ्रूट्स व सादा भोजन ही दें। अगर बच्चों को नींद आए तो कॉफी या चाय न देंए बल्कि उन्हें सूप दे सकते हैं।

विद्यार्थियों को 8 घंटे की नींद जरूरी हैए इसलिए नींद भी भरपूर लेने देंए परीक्षा का तनाव न लें। काउंसलर्स का कहना है कि बच्चों को अधिक अंक लाने का दवाब नहीं बनाएं। हेल्पलाइन में विद्यार्थियों द्वारा प्रोजेक्ट से संबंधित प्रश्न भी पूछे जा रहे हैं।